**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

**PUNJAB KESARI**

# दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

फरीदाबाद, 10 मई (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने जुलाई में शुरू होने वाले आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए यूजी व पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है। एमटेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है जबकि एमटेक के लिए 30 जून, 2019 तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।



**एमटेक को छोड़कर 10 जून तक सभी पाठ्यक्रम में कर सकेंगे आवेदन**

इस बार विश्वविद्यालय द्वारा नये सत्र से आटर्स तथा इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इन नए पाठ्यक्रमों में जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन में बीए, इंग्लिश में एमए, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइवस में एमटेक शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग व विज्ञान के क्षेत्र में अंत:विषय पाठ्यक्रमों की योजना पर काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य बदलते प्रौद्योगिकीय परिवेश में भावी जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को सक्षम बनाना है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में 60 सीटों के साथ बीटेक का नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग का एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विद्यार्थी कंप्यूटिंग के हार्डवेयर के साथ-साथ साफ्टवेयर पहलुओं को भी जान पायेंगे, जैसेकि हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर साथ-साथ कैसे काम करते है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने मौजूदा पाठ्यक्रमों तथा नये पाठ्यक्रमों के लिए सुविधाएं सृजित करने के उद्देश्य से कई कदम उठाये है, जिसमें नये शिक्षकों की भर्ती, नये क्लासरूम, लैब तथा कार्यालयों का निर्माण व नवीनीकरण, हॉस्टलों की मरम्मत तथा नये सुविधाएं सृजित करने के लिए विस्तार परियोजनाओं का क्रियान्वयन शामिल हैं।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 11 May 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/39349733

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू




■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने जुलाई में शुरू होने वाले अगले शैक्षणिक सत्र के लिए यूजी व पीजी कोर्स के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। एमटेक को छोड़कर सभी कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 10 जून है, जबकि एमटेक के लिए 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इस बार यूनिवर्सिटी की तरफ से नए सत्र में आर्ट्स और इंजीनियरिंग के नए कोर्स शुरू करने का फैसला लिया गया है। नए कोर्स में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में बीए, इंग्लिश में एमए, इलेक्ट्रॉनिक व कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स व ड्राइव्स में एमटेक शामिल हैं। इस विषय में जानकारी देते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि प्रौद्योगिकी के बदलते परिवेश को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंट्स के लिए नए कोर्सेज शुरू किए जा रहे हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 60 सीटों के साथ बीटेक का नया कोर्स शुरू कर रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्टूडेंट्स कंप्यूटिंग के हार्डवेयर के साथ-साथ सॉफ्टवेयर पहलुओं को भी जान पाएंगे। कोर्स के बाद स्टूडेंट्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग, दूरसंचार और आईटी उद्योग, हेल्थ केयर उपकरण निर्माण उद्योग, मोबाइल संचार व इंटरनेट प्रौद्योगिकी आदि में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए 18 सीटों के साथ पावर इलेक्ट्रॉनिक्स व ड्राइव्स में एमटेक शुरू की जा रही है। इसी तरह मीडिया व जनसंचार के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए 40 सीटों के साथ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में बीए शुरू किया जा रहा है। मास कम्युनिकेशन में एमए कोर्स पहले से ही चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ नए सत्र से 35 सीटों के साथ इंग्लिश में एमए की कक्षाएं भी शुरू की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी किए गए दाखिला कार्यक्रम के तहत एमटेक के सभी कोर्स फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ व एनवायरमेंट साइंस में एमएससी, एमबीए, एमसीए, एमसीए (लेटरल एंट्री), फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथ्स में बीएससी ऑनर्स, एनिमेशन व मल्टीमीडिया में बीएससी, बीए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन), एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) व एमए (इंग्लिश) कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। कोर्स में दाखिले के लिए योग्यता, सीटों की संख्या व प्रवेश परीक्षा आदि की जानकारी यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर www.ymcaust.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया यूनिवर्सिटी में नए कोर्स तो शुरू किए ही जा रहे हैं। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी सुधारने की तरफ काफी ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षकों की भर्ती के साथ नए क्लास रूम, लैब बनाने का काम हो रहा है। साथ ही हॉस्टलों की मरम्मत आदि का काम भी शुरू कराया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

**AMAR UJALA**

## जेसी बोस विवि में दाखिला आवेदन शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने स्नातक व स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। एमटेक के अलावा सभी पाठ्यक्रमों के लिए 10 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। जबकि एमटेक आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है। विश्वविद्यालय ने नए सत्र दाखिले के लिए आटर्स तथा इंजीनियरिंग में कई कोर्स शुरू किए हैं। पत्रकारिता व जनसंचार में बीए, इंग्लिश में एमए, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स में एमटेक शुरू किए गए हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग व विज्ञान के क्षेत्र में अंतःविषय पाठ्यक्रमों की योजना पर काम कर रहा है। कुलपति ने बताया कि बदलते प्रौद्योगिकीय परिवेश के अनुसार यह बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थी सक्षम हो सके। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 60 सीटों के साथ बीटेक का नया पाठ्यक्रम इसी दिशा में शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 18 सीटों के साथ पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइवस में एमटेक करने का मौका मिलेगा। 40 सीटों के साथ जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में बीए शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए योग्यता मानदंड, सीटों की संख्या व प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम इत्यादि की जानकारी दाखिला विवरणिका में दी गई है, जिसे विवि की वेबसाइट www.ymcaust.ac.in पर देखा जा सकता है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

## DAINIK BHASKAR

**मिशन एडमिशन •** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में बीटेक, एमटेक के साथ बीए और एमए भी, दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं

# एमटेक छोड़ सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन 10 जून तक

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए यूजी व पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। एमटेक छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है, जबकि एमटेक के लिए 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस बार यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से आर्ट्स तथा इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इनमें जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में बीए, इंग्लिश में एमए, इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक और पावर इलेक्ट्रानिक्स एवं ड्राइवर्स में एमटेक शामिल है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग व विज्ञान के क्षेत्र में अंतः विषय पाठ्यक्रमों की योजना पर काम कर रहा है। इसका उद्देश्य बदलते प्रौद्योगिकीय परिवेश में भावी जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को सक्षम बनाना है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रानिक्स एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 60 सीटों के साथ बीटेक का नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर इंजीनियरिंग का एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विद्यार्थी कंप्यूटिंग के हार्डवेयर के साथ-साथ साफ्टवेयर पहलुओं को भी जान पाएंगे। पाठ्यक्रम के बाद विद्यार्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग, दूरसंचार और आईटी उद्योग, हेल्थकेयर उपकरण निर्माण उद्योग, मोबाइल संचार व इंटरनेट प्रौद्योगिकी आदि में रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 18 सीटों के साथ पावर इलेक्ट्रानिक्स एवं ड्राइवर्स में एमटेक शुरू की जा रही है। इसी तरह मीडिया एवं जनसंचार के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए 40 सीटों के साथ जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में बीए शुरू किया जा रहा है।



फरीदाबाद. कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (फाइल फोटो)

यूनिवर्सिटी की ओर से जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में एमए पहले से ही चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से 35 सीटों के साथ इंग्लिश में एमए भी शुरू कर रहा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार जारी किए गए दाखिला कार्यक्रम के अनुसार यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ तथा एनवायरमेंट साइंस में एमएससी, एमबीए, एमसीए, एमसीए (लेटरल एंट्री), फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथ में बीएससी ऑनर्स, एनिमेशन तथा मल्टीमीडिया में बीएससी, बीए (जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन), एमए (जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन) तथा एमए (इंग्लिश) पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यूनिवर्सिटी में बीटेक व बीटेक (लेटरल एंट्री) के सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी की ओर से जेईई परीक्षा तथा योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण अंकों के आधार पर किया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षा की जानकारी दाखिला विवरणिका में दी है

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए योग्यता मानदंड, सीटों की संख्या व प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम आदि की जानकारी दाखिला विवरणिका में दी गई है जिसे यूनिवर्सिटी की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. वाईएमसीएयूएसटी.एसी.इन (www.ymcaust.ac.in) पर देखा जा सकता है।

**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# श्रेष्ठ तीन सेल्फी को मिलेगा पुरस्कार

**भास्कर न्यूज|फरीदाबाद**

युवा मतदाताओं को मताधिकार के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी 12 मई को चुनाव के दिन सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव के रूप में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसमें भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को मतदान की प्रक्रिया में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहन हेतु विश्वविद्यालय सेल्फी प्रतियोगिता आयोजन कर रहा है। इसमें विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कॉलेजों के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता के तहत मतदान के दिन स्टूडेंट्स को मतदान के बाद अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी और इसे यूनिवर्सिटी के फेसबुक हैंडल www.facebook.com/ymcauniversity पर हैशटैग वोटवालीसेल्फी (#VoteWaliSelfie) के साथ सुबह 9 से शाम 6 बजे के बीच टैग करना होगा। फोटो के साथ अपने कॉलेज का नाम लिखना होगा। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को 5000, 3000 और 2000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 11.05.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# वोट वाली सेल्फी टैग करने वालों को मिलेगा ईनाम

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय में लोकसभा चुनाव मतदान के दिन 12 मई को सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव के रूप में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है




कि इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और देश की भलाई के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कालेजों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते है। प्रतियोगिता के अंतर्गत, मतदान के दिन विद्यार्थियों को मतदान के बाद अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी और इसे यूनिवर्सिटी के फेसबुक हैंडल पर हैशटैग वोटवाली सेल्फी के साथ सुबह नौ बजे से लेकर शाम छह बजे तक टैग करनी होगी। फोटो के साथ अपने कॉलेज का नाम लिखना होगा। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को पांच, तीन और दो हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।